Literacy for a Billion

Movie: Hum Sath Sath Hai
Year:1999

Song: Suno Ji Dulhan Ek Baat
Lyricist: Ravinder Rawal

सुनो जी दुल्हन एक बात सुनो जी
अपने नए परीवार से मिलो जी
तुम्हें मिलाए सबसे आज
सुनो सुनाए सबके राज़
हाए तुम्हें मिलाए सबसे आज
सुनो सुनाए सबके राज़

पहले दुल्हन तुम इनसे मिलो जी
घर के मुखिया तुम्हारे ससुर जी
जिनके सर पे सुखों का ताज़
देखो जरा इनका अंदाज़
हाँ जिनके सर पे सुखों का ताज़
देखो जरा इनका अंदाज़

रामपुर का बासी हूँ मैं
रामकिशन है नाम
सिधी साधी बोली मेरी
सिधा सादा काम
हो जो भी चाहा मैने
हो रब से वो पाया मैने
हो... रामपुर का बासी हूँ मैं
रामकिशन है नाम
देस विदेस घुमकर आया मैं भाई
हो महक गाँव की मिट्टी की ना बिसराई
वही गुढ चना दूध नाश्ते में भाए
हो छुरी और काँटे से खाना ना आए
इतने पर भी... हो...
इतने पर भी है नई टेकनिकों को
प्यार से सिखा मैने

रामपुर का बासी हूँ मैं
रामकिशन है नाम
सिधी साधी बोली मेरी
सिधा सादा काम

आओ दुल्हन अब इनसे मिलो जी
ये है तुम्हारी सासू माँ जी
घर में लता इनका राज
इनका खास है एक अंदाज़
है घर में लता इनका राज
इनका खास है एक अंदाज़

मेरा नाम मू मू मू
मू मू मू आहा मू मू मू
तीन तितलीयाँ मेरी यार
मुझे पार्टियों से है प्यार
वाह वा वाह वा वाह वा वाह वा
शॉपिंग हो या सब्जी मंडी
मोल भाव की पक्की हूँ
एक रूपय्या कीमत हो तो
एक रूपय्या ही मैं दूँ
लंबा मेरा फसाना है
पर ब्यूटी पार्लर जाना है
लंबा मेरा फसाना है
पर ब्यूटी पार्लर जाना है
मेरा नाम मू मू मू
मू मू मू आहा मू मू मू
प्यारा मुझे साज शृंगार
उम्र को गोली मारो यार

वाह वा वाह वा वाह वा वाह वा
चलो दुल्हन अब आगे बढ़ो जी
अपने ननंद ननंदोई से मिलो जी
बिवी को ये ना करे नाराज
आशिक़ाना है अंदाज़
हाँ बिवी को ये ना करे नाराज
आशिक़ाना है अंदाज़
राधिका के डैडी जरा आना
डार्लिंग हुकूम फ़रमाना
कैसी है ये साडी बताना
डार्लिंग फ़िदा है ये दीवाना
मेरा सर है दुखता
चलो मैं दबा दूँ
है खाना पकाना
कहो मैं पका दूँ
कहीं घुम आए
जहाँ भी कहो तुम
डिनर लेंगे बाहर
फिकर ना करो तुम
बाद में आईस क्रिम भी खिलाना
डार्लिंग जो चाहो सो मँगाना
मीठा पान कलकत्ता खिलाना
डार्लिंग जरासा मुस्कुराना
जरा मेरा पर्स तो उठाना
डार्लिंग तुम्हारा है ज़माना
डार्लिंग तुम्हारा है ज़माना

सुनो जी दुल्हन अब सँभल जाओ जी
छोटे नटखट देवर से मिलो जी
बड़ा रंगीला इनका मिजाज़
शैतानी इनका अंदाज़
है बड़ा रंगीला इनका मिजाज़
शैतानी इनका अंदाज़
पापा कहते है बड़ा नाम करेगा
बेटा हमारा ऐसा काम करेगा
सच सारे सपने पापा के अपने
करने चला मैं नौजवाँ
भोली सुरत दिल के खोटे
बातें बड़ी हैं काम हैं छोटे
काम हैं छोटे
आठ बजे तक जो सोते
बड़े कहाँ लोग ऐसे होते
जिनकी नज़र में हो कोई सपना
रहा ना उनको होश अपना होश अपना
चीत भी है इनकी पट भी है इनकी
बिन पेंदी के ये लोटे
बातें बड़ी हैं काम हैं छोटे
काम हैं छोटे
भोली सुरत दिल के खोटे
हुस्न के नखरें मोटे मोटे मोटे मोटे
सुनो जी दुल्हन अब गौर करो जी
अपने बड़े देवर से मिलो जी
माँ के दिल के ये सरताज़
शर्मिला इनका अंदाज़
माँ के दिल के ये सरताज़
शर्मिला इनका अंदाज़

अखियाँ मिलाए नही
हाए बतीयाए नही बनके रहे साधू
अखियाँ मिलाए नही
हाए बतीयाए नही बनके रहे साधू
किसी चेहरे के किताब का रोज
रिव्हीजन है चालू
प्रीती के बस में हैं प्रेम बाबू

छूपे रूस्तम है ये प्रेम बाबू
ऐसे क्या बने पढ़ईया
पढ़ के देखो जी सैंया
प्रेम के ढाई अक्षर हो... हो
जब तक तुम रहे बिदेसी
मेरी हालत थी ऐसी
जल बिन जैसी मछरिया हो
मेरा पिया घर आया ओ रामजी
मेरा पिया घर आया ओ रामजी
पूरी हो ना हो पढ़ाई ओ पापाजी
कर दो इनकी भी सगाई ओ मम्मीजी

प्यारी दुल्हन अब दिल थामों जी
क्योंकी है बारी सैंया जी की
इतना सा है इनका राज़
सबसे अलग इनका अंदाज़
हाँ इतना सा है इनका राज़
सबसे अलग इनका अंदाज़

खुली किताब के जैसी है शक्सीयत इनकी
कौन है घर में ऐसा जिसको इनपे नाज़ नहीं
सुनो दुलहन बताएँ राज़ तुमको हम इनका
ये आईना है जिसके दिल में कोई राज़ नहीं

चंदा मामा से भी प्यारे है ये हमारे मामा
चंदा मामा से भी प्यारे है ये हमारे मामा
मामीजी के आजा ने से हमको भूल ना जाना
प्यारे प्यारे मामाजी जहाँ से न्यारे मामा जी
प्यारे प्यारे मामाजी जहाँ से न्यारे मामा जी
नि सा रे गा रे सा रे गा रे सा रे
नि सा रे गा रे सा रे गा रे सा सा
नि सा रे गा रे सा रे गा रे सा नि
नि सा रे गा रे सा रे गा रे सा सा

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.